न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट वजीरपुर जिला सवाई माधोपुर

पीठासीन अधिकारी– सुधारानी मीना, आर0ए0एस0

मुकदमा नम्बर	तारीख रजू.	तारीख निर्णय
12/2025	12.06.2025	16/3/26

राजेन्द्र प्रसाद गौतम पुत्र स्व0 श्री भरोसी लाल गौतम निवासी उदेईखुर्द तहसील वजीरपुर

—प्रार्थी

वनाम

1. तहसीलदार तहसीलदार तहसील वजीरपुर
2. पटवारी ग्राम पंचायत उदेईखुर्द तह0 वजीरपुर —अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट

निर्णय

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट इस आशय का प्रस्तुत किया है कि उसके द्वारा प्रशासन गांवो के संग अभियान 2021 शिविर उदेइखुर्द मे दिनांक 22.11.2021 को तहसीलदार के समक्ष विरासत नामान्तकरण हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया। विरासत का जो नामान्तकरण खोला गया है उसमे प्रार्थी का नाम राजेन्द्र कुमार अंकित कर दिया गया है जबकि प्रार्थी का सही नाम राजेन्द्र प्रसाद गौतम है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि राजस्व रिकॉर्ड जमावंदी संवत 2076–79 खाता संख्या 337 ग्राम उदेईखुर्द 'अ' एवं खाता संख्या 356 ग्राम उदेईखुर्द 'व' मे दर्ज किये गये प्रार्थी के नाम राजेन्द्र कुमार के स्थान पर राजेन्द्र प्रसाद गौतम शुद्ध किया जावें।

प्रार्थना पत्र के समर्थन में प्रार्थी ने फोटोकोपी नामान्तकरण संख्या 1475 दिनांक 6.6.2022 एवं नामान्तकरण संख्या 1813 दिनांक 6.6.2022, फोटोकॉपी नकल जमावंदी संवत 2076–79 खाता संख्या 337, 356 ग्राम उदेइखुर्द प्रस्तुत किये है।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को तलव किया गया एवं तहसीलदार वजीरपुर से रिपोर्ट चाही गई।

अप्रार्थी तहसीलदार वजीरपुर की ओर से उनके पत्र क्रमांक मू0अ0/38 दिनांक 15.01.2026 के साथ रिपोर्ट प्राप्त हुई है।

पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन किया। लैण्ड होल्डर तहसीलदार वजीरपुर से प्राप्त रिपोर्ट का अध्ययन किया गया। तहसीलदार वजीरपुर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी का सही नाम राजेन्द्र कुमार पुत्र भरोसी के स्थान पर राजेन्द्र प्रसाद गौतम पुत्र भरोसी है। तहसीलदार वजीरपुर ने इसी अनुसार खाता संख्या 337, ग्राम उदेईखुर्द मे इन्द्राज दुरूस्ती हेतु निवेदन किया है। अतः तहसीलदार वजीरपुर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रार्थी का नाम राजेन्द्र कुमार पुत्र भरोसी के स्थान पर राजेन्द्र प्रसाद गौतम पुत्र भरोसी शुद्ध किया जाना उचित है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sudha Rani Meena
Date: 2026.05.12 15:43:19 IST
Reason: SelfAttested

आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के अनुसार प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट स्वीकार किया जाता है एवं जमाबंदी संवत 2076–79 खाता संख्या 337 ग्राम उदेईखुर्द पटवार हल्का उदेइखुर्द 'अ' एवं खाता संख्या 356 ग्राम उदेईखुर्द पटवार हल्का उदेईखुर्द 'ब' मे खातेदार के रूप मे अंकित प्रविष्ठि राजेन्द्र कुमार पुत्र भरोसी के स्थान पर राजेन्द्र प्रसाद गौतम पुत्र भरोसी दर्ज करने का आदेश दिया जाता है। इसी अनुसार राजस्व अभिलेख में शुद्धि करने का आदेश भी दिया जाता है। इन खाते में दर्ज अन्य प्रविष्टियां यथावत रहेंगी।

निर्णय की पालना हेतु निर्णय की सत्य–प्रतिलिपि तहसीलदार वजीरपुर को भिजवाई जावे।

पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 16/3/26 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उप जिला कलेक्टर

(सुधारानी मीना)
उप जिला कलेक्टर
वजीरपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sudha Rani Meena
Date: 2026.05.12 15:43:19 IST
Reason: SelfAttested